Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 310 | पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 10 जून 2024




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:02 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:15 बजे




एआर मुरुगादॉस की फिल्म...पेज-3 पर



News कॉर्नर

## अजय टम्टा को मिली मोदी कैबिनेट में जगह

**नई दिल्ली।** सिर्फ 23 वर्ष की उम्र में राजनीति में कदम रखने वाले अजय टम्टा ने 52 वर्ष की उम्र में ऐसा राजनीतिक मुकाम हासिल किया, इसकी हर तरफ चर्चा है। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर वह जीत की हैट्रिक लगाने वाले चौथे नेता बने हैं। लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार पांच कमल खिलाने वाले उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में प्रतिनिधित्व देकर बड़ा तोहफा दिया है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते अनुभवी अजय टम्टा मोदी कैबिनेट में हिस्सा बने हैं। उन्होंने राज्यमंत्री पद की शपथ ली। बता दें कि 2014 में जब टम्टा पहली बार निचले सदन के लिए चुने गए थे।

उत्तराखंड को बड़ा तोहफा

# पीएम मोदी ने संभाला कार्यभार सबसे पहले किसानों को सौगात

**नई दिल्ली**
एजेंसी

नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद सोमवार को पीएम मोदी ने अपने कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने सबसे पहले किसानों को एक बड़ा सौगात दिया। पीएम मोदी ने किसान निधि के 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए। इससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और काम करेगी।



आज मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक भी होनी है। इस बैठक में भी मोदी सरकार कुछ अहम फैसले ले सकती है। कैबिनेट बैठक से पहले सरकार सभी मंत्रियों को उनके मंत्रालयों का बंटवारा कर सकती है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 72 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद प्रधानमंत्री मोदी ऐसे दूसरे राजनेता बन गए हैं, जिन्होंने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली।

# बदरीनाथ- केदारनाथ में बारिश ऊंची पहाड़ियों पर हिमपात हुआ

**रुद्रप्रयाग**
हमारे संवाददाता

**मौसम**
- जनपद के अन्य क्षेत्रों में दिनभर मौसम साफ रहा

बदरीनाथ-केदारनाथ की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से मौसम ठंडा हो गया। वहीं पहाड़ियों पर घना कोहरा छा गया।

केदारनाथ में रविवार देर शाम हल्की बारिश हुई, जबकि ऊंची पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ, जिससे केदारपुरी में ठंड बढ़ने लगी है। सुबह से ही धाम में मौसम सुहावना था। दिन चढ़ने के साथ तेज धूप के बीच धाम में यात्रा का उल्लास चरम पर रहा। दोपहर बाद धाम में हल्के बादल छाने लगे थे।

वहीं बदरीनाथ धाम में भी रविवार शाम करीब डेढ़ घंटा बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया। हिमालय की पहाड़ियों पर घना कोहरा छा गया। शाम छह बजे के बाद केदारनाथ में हल्की बारिश शुरू हुई, जो आधे घंटे तक होती रही, जबकि चोराबाड़ी, वासुकीताल, दुग्ध गंगा की ऊपरी पहाड़ियों पर जमकर हिमपात हुआ।


श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया, ऊपरी पहाड़ियों पर हिमपात होने से केदारनाथ में शाम के समय ठंड बढ़ गई है। इधर, जिला जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में दिनभर मौसम साफ रहा और चटक धूप खिली रही।



## नया रिकॉर्ड: एक महीने में 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन


चारधाम यात्रा इस बार भी नया रिकॉर्ड बनाने की तरफ आगे बढ़ रही है। 10 मई से शुरू यात्रा को एक माह पूरा हो गया है। अब तक 19 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। बीते वर्ष की तुलना में इस बार अब तक 7.21 लाख तीर्थयात्री अधिक आए हैं। चारधामों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ है। चारधाम यात्रा को लेकर देश दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। हर साल यात्रा में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है। बीते वर्ष पूरे यात्रा काल में 56 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री व हेमकुंड साहिब में दर्शन किए थे।


11 जून 2024
स्थापना दिवस पर
रक्तदान शिविर



समय:-
प्रातः
9 बजे से

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



खून दो, खुशी लो।

स्थान: उत्तरांचल दीप कार्यालय, चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी (नैनीताल) संपर्क:- 9917783434, 9548899674

# तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2024 का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजभवन गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2024 का रविवार को समापन हो गया। टूर्नामेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से आए 123 गोल्फ रों ने हिस्सा लिया। रविवार को राजभवन में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल/वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन एवं अपर सचिव राज्यपाल/उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब स्वाति एस भदौरिया द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया।





बता दें कि 19वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेताध्चैंपियन राघव कालरा रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता अमित कुमार सूर्यवंशी घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता वीर श्रीवास्तव और उपविजेता लेफ्टिनेंट कर्नल आर एस बनकोटी रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एस सी गुप्ता विजेता रहे और सुपर वेटरन रनर बेस्ट नेट में एस के सूरी विजेता रहे। महिला कैटेगरी में नीलाक्षी विजेता और रुची श्रीवास्तव उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में नरोत्तम दास विजेता रहे। वेटरन नेट कैटेगरी में अजय कुमार वर्मा विजेता रहे। अमायरा बजाज को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला।

प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में आरव संधु विजेता और श्रेय शाह उपविजेता रहे जबकि 12-15 आयु वर्ग में तेजस प्रताप सिंह विजेता और करण सिंह उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में कुमारी नाश्या एस सिन्हा विजेता और विजितेन्द्र एस तोमर उपविजेता घोषित किए गये। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने विजेता गोल्फरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में खेल भावना का परिचय दिया।

गोल्फ क्लब के सचिव/परिसहाय अमित श्रीवास्तव ने इस आयोजन से जुड़े सभी प्रायोजकों एवं प्रतिभागी खिलाडियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत, डीआईजी डा.योगेन्द्र रावत, जिलाधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर, एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा, गोल्फ कैप्टन कर्नल (रि)विवेक भट्ट समेत राजेन्द्र चौहान, सचिन चमोली, वेद प्रकाश मोहार सहित गोल्फर्स और उनके परिजन उपस्थित थे।



# मदन सिंह गैडा को 24वीं वार संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुना

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विद्यालय कर्मचारी संघ नैनीताल का अधिवेशन रविवार को श्री रामसेवक सभा भवन में हुआ। अधिवेशन में मदन सिंह गैडा को 24वीं वार संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया जब कि विरेन्द्र खंकरियाल को 10वीं वार निर्विरोध संघ का महामंत्री चुना गया।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ नैनीताल के संरक्षक रमेश चंद्र जोशी रहे। संघ के चुनाव में अध्यक्ष मदन सिंह गैडा, बरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास जोशी व खीम राज सिंह देऊपा, महामंत्री विरेन्द्र खंकरियाल, सयुंक्त मंत्री राकेश कोहली व गोपाल दत्त सनवाल,कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, संगठन मंत्री हरिश विश्वकर्मा, प्रचार मंत्री सुरेश चंदा तथा कार्यकारिणी केवरिष्ठ सदस्यों में क्रमशः हरीश चौधरी, आनन्द भट्ट, खिलाफ सिंह, प्रेम चंद, कैशव राम तथा गजेंद्र सिंह नेगी चुने गए ।

अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ उतराखंड के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साह , उतराचल आंगनवाड़ी कर्मचारी महासंघ की प्रदेश संगठन मंत्री प्रेमा विष्ट समेत लीलाधर भट्ट व नासिर खान सहित सभी स्कूलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नैन्सी कान्वेंट बोर्डिंग स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ज्योलिकोट स्थित नैन्सी कान्वेंट बोर्डिंग स्कूल के सभागार में रविवार को गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह रहे।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को चार वर्गों में रखा गया, प्रत्येक वर्ग में चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। संजय कुमार सिंह व विद्यालय की उप प्रधानाचार्या हिना मुजद्दी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत कीए कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह भंडारी और अमीर हसन ने की। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन चार चरणों में किया गया ए प्रत्येक चरण की समाप्ति पर वर्ग के अंकों के आधार पर विजेता का चयन किया गया। गणित प्रश्नोत्तरी में छात्रों की चार टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रथम स्थान वर्ग 1 ने प्राप्त किया जिसमें गोपाल, आयुष्मान व आदर्श और नैतिक थे। द्वितीय स्थान वर्ग 3 ने प्राप्त किया जिसमें देवांश, स्वदा शौर्य तथा अंश गुप्ता थे एवं तृतीय स्थान वर्ग 2 जिसमें देवांश राय, लक्ष्य सक्सेना व हनी यादव व अभय रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीम को पुरस्कृत किया।



## NEWS / फटाफट

### शिव महापुराण कथा का आयोजन



**नैनीताल** । नैनीताल जिले के कुमाटी ग्राम सभा में स्थित गुरु गोरखनाथ के मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन वरिष्ठ व्यास कृष्णानंद शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव में जिलाभिषेक करने से मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं और मनुष्य को सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। यज्ञ के यजमान तारा दत्त जोशी रहे। कुमाटी के ग्रामीणों ने सुबह रुद्राभिषेक कराया। आचार्य हरिओम जोशी,धीरज, आशीष तथा नीरज द्वारा पूजा का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस मौके पर सुशील कुमार शर्मा व धीरज शर्मा कथा में उपस्थित रहे साथ ही गोविंद नेगी, राहुल पांडे, हरिश्चंद्र जोशी, भुवन जोशी तथा कमल जोशी व सभी भक्तजन उपस्थित रहे।

### शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक हुई। बता दें बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक अभिभावक संघ(पीटीए) और विद्यालय प्रबंधन समिति(एसएमसी) के सदस्यों का चुनाव करवाना और अभिभावकों और शिक्षकों के बीच छात्र हित में संवाद स्थापित करना था। पीटीए में अध्यक्ष विनय कुमार जबकि उपाध्यक्ष लता तिवारी तथा सचिव तारा बोरा को बनाया गया,वहीं एसएमसी में अध्यक्ष तारा बिष्ट , उपाध्यक्ष धन सिंह शाही तथा सचिव तारा बोरा को चुना गया। बैठक में डी.एस. मेहता, कुंदन सिंह सुयाल,राजेंद्र दरमवाल, जितेंद्र भट्ट, ममता बिष्ट, नीता चम्याल, गीता, दीप्ति, तारा बिष्ट, चंपा, रीतू और अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# फिर मोदी सरकार बनी, विधायक के कार्यालय पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न मिष्ठान वितरण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

देश की तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा एनडीए की सरकार बनने पर विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओ ने मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया।इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि यह देश के इतिहास में नया कीर्तिमान है कोई सरकार तीसरी बार लगातार इतने बड़े जनादेश के साथ वापस बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल किये गये जनकल्याण के कार्यों का परिणाम है जो देश की जनता ने एक बार फिर से मोदी सरकार के कार्यों पर मोहर लगाई है। प्रधानमंत्री के मंत्रीमंडल उत्तराखंड से अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजय टम्टा को मंत्री बनने हेतु और नैनीताल ऊधम नगर लोकसभा क्षेत्र से अजय भट्ट को प्रचंड बहुमत से जीतकर संसद पहुँचने पर खुशी जताई। मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णय वाला होगा जो देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाकर रहेगा।

इस दौरानभाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, वेद ठुकराल, सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी,तरुण दत्ता, धीरेश गुप्ता,नेत्रपाल मौर्य, हरीश भट्ट, जगदीश तनेजा, सुशील गाबा, मानस जायसवाल, गुन्नू चौधरी, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, राजेश जग्गा, बबलू सागर,भीमसेन गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अच्छी शटल सेवा न होने से हो रही फजीहत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देश के विभिन्न शहरों में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में नैनीताल पहुंच रहे पर्यटकों से नैनीताल व आसपास के होटल तथा गेस्ट हाउस व होम स्टे पूरे जून माह के लिए लगभग पैक हो चुके हैं इसके वावजूद बिना बुकिंग के पहुंच रहे पर्यटकों को काफी फजीहत उठानी पड़ रही है, वहीं रूसी बाईपास व नारायण नगर व मस्जिद तिराहा नगर में प्रवेश के तीनों मार्गो पर वाहनों की लंबी कतार के चलते स्थानीय लोगों को भी भारी फजीहत उठानी पड़ रही है।

मामले में पुलिस का कहना है कि केवल पार्किंग वाले होटल की बुकिंग वाले वाहनों को ही नैनीताल में प्रवेश दिया जा रहा है बाकी वाहन इन तीनो स्थानों पर पार्क कर शटल सेवा के माध्यम से लोगो को नैनीताल भेजा जा रहा है लेकिन महंगें वाहनों से नैनीताल आ रहे लोगों के लिए अच्छी शटल सेवा नहीं होने के चलते अक्सर लोगों को वापस जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है जिसके चलते पार्किंग व चुंगी संचालक काफी निराश दिखाई दे रहे हैं। रविवार को हल्द्वानी की ओर से नैनीताल आ रहे वाहन ज्योलीकोट से रूसी बाईपास तक लंबे जाम में घंटो फंसे रहे, दूसरी ओर भवाली में भी वाहनों के जाम से कैंची व पहाड़ की ओर जाने वालों लोगो को भी घंटों जाम के झाम से जूझना पड़ा।

**नैनीताल।** नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर में पार्किंग खाली होने के वावजूद वाहनों को नगर में प्रवेश नहीं दिया गया। कहा कि मात्र 20 दिन का सीजन बचा है और पुलिस के यातायात प्लान से आने वाले दिनों में भी नगर में पर्यटन चौपट रहने की आशंका बनी हुई है।

**नैनीताल।** लेक ब्रिज चुंगी के संचालक जीनू पांडे के मुताबिक पार्किंग में जगह होने के वावजूद पुलिस द्वारा रूसी बाईपास व भवाली तिराहे पर वाहनों को रोकने से पार्किंग व लेक ब्रिज चुंगी संचालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।बीते कुछ वर्षों से पुलिस की सख्ती के चलते लोग नैनीताल तक नही पहुंच पा रहे हैं जिससे पर्यटन कारोबारियों सहित सरकारी राजस्व को भी नुकसान हो रहा है,बोले कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो वो दिन दूर नही जब लोग नैनीताल से बिल्कुल मुंह मोड़ लेंगे।

# अभिमत

## अनावश्यक विवाद

*तीर्थस्थल होने के कारण ऋषिकेश में हमेशा श्रद्धालु पहुंचते हैं और प्रशासन को विभिन्न पर्वों पर भीड़ को नियंत्रित करने में परेशानी होती है। ऋषिकेश में श्रद्धालुओं के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं पर विचार किया जाना चाहिए। हल्द्वानी कुमाऊं का सबसे बड़ा महानगर, मेडिकल एवं एजुकेशन हब और व्यापार का प्रमुख केंद्र है। नैनीताल जिला मुख्यालय होने के बाद भी ज्यादातर प्रशासन हल्द्वानी से संचालित होता है। जिला न्यायालय, कमिश्नर, जिलाधिकारी, डीआईजी, एसएसपी आदि के कैम्प कार्यालय व आवास हल्द्वानी में हैं। विभिन्न सरकारी विभागों के उच्चाधिकारियों के कार्यालय हल्द्वानी में हैं।*

नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर कवायद लम्बे अर्से से चल रही है। उच्च न्यायालय और राज्य सरकार ने हल्द्वानी में भूमि का निरीक्षण किया था। हल्द्वानी को सबसे उपयुक्त स्थान माना गया है। इसी बीच अचानक ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बेंच खोलने की बात उठ गई। सुप्रीम कोर्ट ने नैनीताल उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। उधर हाईकोर्ट और हल्द्वानी बार एसोसियेशन ने गढ़वाल की बार एसोसियेशन से मिलकर मामले को निपटाने का निर्णय किया है, क्योंकि यह मामला कुमाऊं व गढ़वाल का मुद्दा नहीं बनना चाहिए। सच तो यह है कि इतने छोटे से राज्य के हाईकोर्ट की बेंच खोलना ही अनावश्यक विवाद है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने पर भी दशकों तक इलाहाबाद हाईकोर्ट से न्यायिक प्रक्रिया संचालित होती रही। वर्षों बाद लखनऊ में बेंच की स्थापना की गई। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर देहरादून में प्रदेश की राजधानी और नैनीताल में हाईकोर्ट की स्थापना बिना किसी विवाद के हुई थी। देहरादून में राजधानी का बुनियादी ढांचा विकसित होने के बाद राजधानी को हटाने की मांग राजनीति से प्रेरित है। हजारों करोड़ रुपये देहरादून को राजधानी के रूप में विकसित करने पर खर्च किये जा चुके हैं। नैनीताल में ब्रिटिश शासन के दौरान बने सेक्रेटिएट हाउस में हाईकोर्ट संचालित हो रहा है। सेक्रेटिएट की बिल्डिंग के रखरखाव पर धन खर्च हुआ है, लेकिन हाईकोर्ट हटने के बाद उस भवन का उपयोग जिला प्रशासन के लिए हो सकता है। जिला प्रशासन को भवन की जरूरत महसूस की जाती रही है। अधिवक्ताओं का तर्क है कि पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल में दिक्कतें होती हैं, इसी लिए हल्द्वानी में पूरा हाईकोर्ट शिफ्टिंग का प्रयास किया जा रहा है। वन विभाग से भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कुमाऊं और गढ़वाल के लोगों के लिए हल्द्वानी तक पहुंचने की सुविधा पर्याप्त है। तीर्थस्थल होने के कारण ऋषिकेश में हमेशा श्रद्धालु पहुंचते हैं और प्रशासन को विभिन्न पर्वों पर भीड़ को नियंत्रित करने में परेशानी होती है। ऋषिकेश में श्रद्धालुओं के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं पर विचार किया जाना चाहिए। हल्द्वानी कुमाऊं का सबसे बड़ा महानगर, मेडिकल एवं एजुकेशन हब और व्यापार का प्रमुख केंद्र है। नैनीताल जिला मुख्यालय होने के बाद भी ज्यादातर प्रशासन हल्द्वानी से संचालित होता है। जिला न्यायालय, कमिश्नर, जिलाधिकारी, डीआईजी, एसएसपी आदि के कैम्प कार्यालय व आवास हल्द्वानी में हैं। विभिन्न सरकारी विभागों के उच्चाधिकारियों के कार्यालय हल्द्वानी में हैं। सांसद, विधायक, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों के आवास हल्द्वानी में हैं। हल्द्वानी में हाईकोर्ट पूरी सुविधाओं के साथ कम बजट में स्थापित होने में कोई परेशानी नजर नहीं आ रही है।

# टनकपुर जा रही रोडवेज बस के सेल्फ में खराबी, यात्रियों की फजीहत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम की बसें यात्रियों के लिए मुसीबत बन रही हैं। इस बार काठगोदाम डिपो की टनकपुर जाने वाली बस के सेल्फ में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। बस के चालक व परिचालक ने सूझबूझ का परिचय देकर आग बुझा दी।

काठगोदाम डिपो की बस यूके07पीए-2485 सोमवार की सुबह 8:30 बजे टनकपुर जाने के लिये हल्द्वानी बस स्टेशन में यात्रियों से भरी थी। चालक ने बस को स्टार्ट किया तो सेल्फ ने एकाएक आग लग गई।



हालांकि चालक नारायण व परिचालक मोहित ने सूझबूझ का परिचय देकर पानी डाल इसे बुझा दिया। इस दौरान बस में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। वे आनन-फानन में बस से उतर गये। चालक-परिचालक ने इसकी सूचना डिपो एआरएम को दी। बाद में यात्रियों को टनकपुर डिपो की बस से भेजा गया। यात्रियों के मुताबिक चालक-परिचालक की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। दरअसल भीषण गर्मी में बसें भी लगातार चलने के कारण गर्म हो रही है। वहीं रोडवेज सूत्रों के अनुसार स्पेयर पार्ट्स के अभाव में बसों में काम सही से नहीं हो पा रहा है। आये दिन बसें खराब हो रही हैं।

## बाघ ने मार गिराया बैल, गांव में दहशत

**नैनीताल।** ओखलकांडा विकास खंड के ग्राम धैना के पडायल तोक में रविवार को काश्तकार रामदत्त पुत्र केशव दत्त किसान का बैल आंगन में बाघ के द्वारा मार दिया गया जिसकी वजह से गांव में दहशत का माहौल है।

पूर्व प्रधान मदन सिंह नौलिया ने बताया कि बैल की आवाज सुनकर राम दत के द्वारा बाघ को भगाने की काफी कोशिश की गयी लेकिन बाघ के द्वारा राम दत पर भी हमला किया गया लेकिन जैसे तैसे राम दत्त जान बचाकर भागे । बताया कि इलाके में बाघ के द्वारा कई लोगों के पालतू कुत्तों को और बकरियों को भी मारा जा चुका है।

बताया कि बाघ ने दो वर्ष पूर्व दो महिलाएं भी मार दिया गया था। बताया कि बाघ की दशहत से लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। नौलिया द्वारा वन विभाग से किसान राम दत्त को उचित मुआवजा देने तथा बाघ को तुरंत पकडने की मांग की है। चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन करेंगे।

# धूमधाम से मनाया सीआरएसटी इंटर कालेज में 101वां जन्मोत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सीआरएसटी इंटर कालेज के पूर्व प्रबन्धक स्वर्गीय चन्द्र लाल साह ठुलघरिया का 101वां जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य मोहन लाल साह तथा विशिष्ठ अतिथि महेश लाल साह के साथ दिनेश लाल साह, विनय साह,डा. नारायण सिंह जंतवाल तथा डा. महेन्द्र पाल आदि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस दौरान प्रबन्धक अनूप साह द्वारा अतिथियों का स्वागत कर अपने पुराने स्मरण साझा किये तथा कहा कि छात्र अपनी हॉबी को अपना प्रोफेशन बनाकर उपलब्धियों को प्राप्त कर सकते हैं। प्रबन्धक साह द्वारा अपने परिवार की ओर से विद्यालय को 5 लाख की धनराशि दान स्वरुप प्रदान की ततपश्चात राजीव लोचन साह द्वारा अपने सम्बोधन में बुन्‍जू को सामाजिक चेतना का प्रतीक बताते हुये कहा कि उन्होंने अपने समय से कहीं आगे को सोच रखकर समाज तथा छात्रों के हित



में कई कार्य किये। उन्होंने पर्वतारोहण के लिये घर घर जाकर लोगों को जागरुक किया तथा फिल्म सोसाइटी के साथ साथ कई अन्य जन उपयोगी संस्थाओं की स्थापना की। इस अवसर पर मोहन लाल साह बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें शिक्षिका पुष्पा दरम्वाल, हेमा जोशी, संगीत अध्यापिका भावना काण्डपाल ने सहयोग प्रदान किया। पर्यावरणविद विनोद पाण्डे ने कहा कि बुन्‍जू के साथ सम्पर्क में आने के कारण मेरा प्रकृति को देखने का नजरिया ही बदल गया। पूर्व विधायक डा0 नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि बुन्‍जू जीवन के विभिन्न आयामो को समेटे हुवे व्यक्ति थेए जो इरादा करते थेए उसे पूरा करके ही मानते थे। इस अवसर पर इरशाद नजर खान पूर्व सासद महेन्द्र सिंह पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं विद्यालय के पूर्व छात्र जहूर आलम को राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत होने पर विद्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बुन्‍जू युगमंच के संस्थापक सदस्य रहें तथा हमेश रंगकर्म को प्रेरित करते थे। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य मोहन लाल साह ने कहा कि स्व0 चन्द्र लाल साह एक संस्थान थे तथा उन्होंने 1960 के आस पास रोजगार देने का कार्य सर्वप्रथम कॉमर्स विषय तथा टाईपिंग एस्टेनोग्राफी खोल कर दिया क्योंकि इस क्षेत्र में तब अपार सम्भावनायें हुआ करती थी। आर्थिक रुप से सम्पन्न होते हुवे भी वे मैन ऑफ करेक्टर थे तथा समाज के प्रति अपना योगदान हमेशा दिया करते थे।

इस अवसर पर मोबाइल फोटोग्रॉफी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिनमें सांत्वना प्रथम दिव्यांशु भट्ट सैनिक स्कूल, सांत्वना द्वितीय नम्रता चन्द्रा बालिका स्कूल, तृतीय दिशा कत्यूरा सैनिक स्कूल, द्वितीय कमल कुमार निशान्त स्कूल तथा प्रथम विनीत कुमार सैनिक स्कूल रहे तथा निर्णायक महेन्द्र सिंह बिष्ट व छायाकार हिमांशु जोशी एवं कल्याण सिंह सजवाण रहे। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नागरिकों कविता गंगोला, प्रदीप मेहता तथा जीवन्ती भट्ट का सम्मान विद्यालय द्वारा किया गया। नेचर वॉक के दौरान सराहनीय कार्य के लिये कु0 नंदा देवी साह, अरशी अहमद एवं संदीप सिंह सूद को सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डे ने सभी का आभार प्रकट करते हुवे कार्यकम का समापन किया। संचालन डा0 सोबन सिंह बिष्ट ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## एआर मुरुगादॉस की फिल्म एसके 23 का हिस्सा विद्युत जामवाल



*बीते दिनों जानकारी आई थी कि अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने एक फिल्म के लिए निर्माता एआर मुरुगादॉस के साथ हाथ मिलाया है, जिसका अस्थायी नाम एसके 23 है। वहीं, अब निर्माताओं ने फैंस को एक बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म से अभिनेता विद्युत जामवाल का भी नाम जुड़ गया है। इस बात की जानकारी खुद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस की आगामी फिल्म एसके 23 के निर्माताओं ने आखिरकार बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल का इस फिल्म में स्वागत किया है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभिनेता का एक शानदार ऑनबोर्डिंग वीडियो साझा किया है, जहां वह अपने सिग्नेचर स्टाइलिश अवतार में अपनी वैनिटी वैन से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को निर्देशक एआर मुरुगादॉस का अभिवादन करते हुए देखा जाता है और फिर अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी को सेट के फिल्मांकन भागों पर चर्चा करते हुए देखा जाता है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने लिखा, उस खलनायक को वापस ला रहे हैं जिसने सभी को आतंकित कर दिया था। फिल्म में खतरनाक विद्युत जामवाल का स्वागत करते हैं। अनजान लोगों के लिए, विद्युत जामवाल ने एआर मुरुगादॉस और विजय की एक्शन थ्रिलर थुप्पाक्की में विलेन की भूमिका निभाई थी। एसके 23 लोकप्रिय तमिल फिल्म निर्माता के साथ उनका दूसरा सहयोग होगा।*

### तमिल सिनेमा में वापसी

*दिलचस्प बात यह है कि एसके 23 अभिनेता की 10 साल के अंतराल के बाद तमिल सिनेमा में वापसी का भी प्रतीक होगा। अभिनेता की आखिरी तमिल फिल्म सूर्या स्टारर अंजान थी। शिवकार्तिकेयन, कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल के एसके 23 से जुड़ने की पुष्टि हो चुकी है। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी नजर आ सकते हैं।*

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.इंदिरा हृदयेश की प्रतिमा लगाने की उठाई मांग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.इंदिरा हृदयेश की शहर में प्रतिमा लगाये जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में सोमवार को प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.इंदिरा ने शहर के विकास के लिए तमाम कार्य किये। उनका कहना था कि यदि प्रतिमा लगाना संभव न हो तो हल्द्वानी के स्टेडियम का नाम या काठगोदाम में बन रहे बसअड्डे का नाम पूर्व कैबिनेट मंत्री इंदिरा हृदयेश के नाम पर रखा जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, किशोर बल्यूटिया, संतोष कुमार, राजेश बिष्ट, राजकुमार यादव, रजत तिवारी आदि शामिल थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मनोज कुमार से बदलकर मनोज कुमार बोरा रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे मनोज कुमार बोरा नाम से जाना पहचाना जाए। - **मनोज कुमार बोरा पुत्र स्व0 अमर सिंह बोरा, हाउस नं. -39, पीपल पोखरा नं.-2, कालाढूंगी रोड, फतेहपुर, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ममता ध्यानी से बदलकर ममता बिष्टानिया रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे ममता बिष्टानिया नाम से जाना पहचाना जाए। - **ममता बिष्टानिया पत्नी प्रमोद चन्द्र, हिम्मतपुर मल्ला हरिपुर नायक, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

News कॉर्नर

## खेड़ा से किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिजन परेशान, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र खेड़ा कालोनी वार्ड 18 क्षेत्र से किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने कई जगह उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। खेड़ा कालोनी निवासी मूल रूप से गणेश नगर गली नम्बर 3 बरेली यूपी हाल निवासी खेड़ा कालोनी वार्ड 18 रुद्रपुर वेद राम पाल पुत्र गंगा राम पाल ने चौकी रम्पुरा पुलिस को बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र आदित्य पाल 27 मई को शाम साढ़े सात बजे से गायब है। उसकी सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने पुत्र के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। किशोर का पता नहीं चलने पर परिवार के लोग परेशान हैं। पुलिस ने किशोर के लापता होने की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल किशोर का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि तलाश की जा रही है।

## दीवार से टकराई स्कूटी, सवार की मौत

**हल्द्वानी।** घर से ड्यूटी जा रहे एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मोत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मूलरूप से बागेश्वर निवासी हल्द्वानी में परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। वह यहां होंडा एजेंसी में काम करते हैं। गत दिवस पर अपने आवास से स्कूटी पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकल रहे थे। जब वह एसटीएच के पास पहुंचे तभी उनकी

# भक्ति में निष्कामता यदि हो तो भक्ति हम पर रीझ जाती है

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से श्री माँ नयना देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस यानी रविवार को व्यास गद्दी पर मौजूद कथावाचक पंडित मनोज कृष्ण जोशी ने कहा कि भक्ति में निष्कामता यदि हो तो भक्ति हम पर रीझ जाती है। कहा कि भगवान से निष्काम प्रीति ही प्रेम की पराकाष्ठा है। व्यास जोशी ने शुक्रदेव के जन्म के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि विकार घर में नहीं अपितु मन में है। यदि व्यक्ति ईमानदारी से ग्रस्त धर्म का निर्वाह करें तो वह गृहस्थी किसी संत से कम नहीं है। इसी



क्रम में व्यास जोशी ने श्री वेदव्यास के जन्म का प्रसंग और पांडवों का चरित्र सुनाया।

व्यास जोशी के सुमधुर भजनों से मंदिर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गायन और वाद्य संगीत में आचार्य मनोज कृष्ण की संगत नीरज मिश्र, लोकेश तथा आकाश नैनवाल, मनोज उप्रेती व विवेक और प्रकाश चन्द्र ने की।

इससे पूर्व प्रात:आचार्य मनोज कृष्ण जोशी ने अपने सहयोगियों यथा नरेन्द्र पांडे, कैलाश चन्द्र लोहनी और ललित जोशी के साथ पूजा संपन्न की। पूजा के यजमान मनोज चौधरी और देवन चौधरी के साथ विजय साह व सुमन साह रहे ।

स्थापना समारोह को सफल बनाने के लिये श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, महासचिव हेमंत शाह, उप सचिव प्रदीप शाह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत वरिष्ठ न्यासी महेश लाल साह सहित सुमन साह, मुन्नी भट्ट तथा अमिता साह और सभी पुजारी/कर्मचारी व भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे।

# केएमवीएन ने केवाईसी को लेकर तल्लीताल बाजार में शिविर लगाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी में केएमवीएन द्वारा गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं के लिए तल्लीताल व्यापार मंडल के सहयोग से केवाईसी को लेकर तल्लीताल बाजार में शिविर लगाया गया।

जिसमें लगभग 200 से अधिक लोगों ने पहुंचकर केवाईसी कराई विभाग द्वारा पिछले कुछ समय से इंडियन गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने हेतु केवाईसी कराई जा रही है उसी क्रम में आज ही शिविर लगाया गया है व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन शाह और सचिव अमनदीप आनंद के अलावा अन्य पदाधिकारी और निवर्तमान सभासद प्रेमा अधिकारी द्वारा सहयोग किया गया है इस मौके पर उपाध्यक्ष नासिर खान, महिला उपाध्यक्ष ममता जोशी, उपसचिव जयंत उप्रेती, कोषाध्यक्ष



हरीश कुमार, संतोष कुमार का सहयोग रहा और इसके अलावा गैस विभाग के शेर सिंह राणा अजय बिष्ट अजु द्वारा केवाईसी कराई गई।

# प्रदेश की खुशहाली को पैदल यात्रा कर अल्मोड़ा के चितई मंदिर पहुंचे युवा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर के युवाओं ने अनूठी पहल की है। उन्होंने प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली के लिए हल्द्वानी से अल्मोड़ा तक पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने अल्मोड़ा स्थित चितई मंदिर में पूजा-अर्चना की। बताया गया कि इन पांच युवकों ने हल्द्वानी से अल्मोड़ा पैदल यात्रा करने में दो दिन से अधिक का समय लगा। पैदल यात्रा करने वालों में बिठौरिया व दमुवाढूंगा निवासी दीपक सिंह बिष्ट, सूरज मिश्रा, दीपांशु कार्की, लक्की बिष्ट अक्षय माथुर शामिल हैं।



# बीच बचाव को पहुंचा वृद्ध को दबंगों ने लाठी डंडों से बेहरमी से पीटा



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

चौकी रम्पुरा क्षेत्र में दो पक्षों के विवाद के दौरान बीच बचाव के लिए पहुंचे वृद्ध को दबंगों ने लाठी डंडें से बुरी तरह पीट दिया। हमले में घायल पीड़ित को लेकर उसकी पत्नी पांच दिन से पुलिस चौकी के चक्कर काट रही है,लेकिन पुलिस की कार्रवाई शून्य है और न्याय की गुहार को पीड़ित पत्नी के साथ चौकी गेट पर पाखड़ के पेड़ के नीचे बैठा है। रम्पुरा वार्ड 22 निवासी लौंगश्री पत्नी राम सिंह का कहना है कि 5 जून को मुहल्ले में दो पक्ष आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। जब उसके पति ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत करने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने पति के साथ मारपीट शुरू कर दी और लाठी डंडों से पीटा। जिससे उसके हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य अंगों में चोट आयी है। हमलावरों ने राम सिंह को जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पांच दिन से पीड़ित और उसकी पत्नी रम्पुरा चौकी के चक्कर काट रहे हैं,लेकिन अभी तक पुलिस की कार्रवाई शून्य है और पीड़ित पत्नी के साथ पाखड़ पेड़ के नीचे बैठा है। चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी से जानकारी चाही तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## बाइक सवार चालक ने पैदल जा रही बच्ची पर मारी टक्कर, घायल

**नैनीताल।** मल्लीताल बड़ा बाजार में रविवार को तेज रफ्तार मोटर साइकिल चालक ने पैदल जा रही बच्ची जोरदार टक्कर मारी जिसके बाद बाजार में मौजूद लोग बच्ची को अस्पताल ले गए। इस दौरान मोटर साइकिल सवार तेजी से फरार हो गया। इस बीच बच्ची के पिता ने कहा कि उसकी बच्ची जब अनुपम रेस्टोरेंट के समीप से गुजर रही थी तो एक बाइक सवार उसे टक्कर मार गया।

# किशोरी को छेड़ने पर युवक की धुनाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एक युवक ने किशोरी को छेड़ दिया जिसके बाद लोगों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। युवक को बचाने आए परिजनों को पीट दिया। सूचना पर पहुंची खेड़ा चौकी पुलिस ने युवक को किसी तरह से लोगों के चुंगल से बचाया। उसका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। गोलापार के खेड़ा स्थित अंसारी कालोनी में एक युवक द्वारा किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ के बाद लोगों ने युवक की जमकर पीट धुनाई कर दी। लोगों ने उसे जमकर पीट गया। युवक को पीटता देख परिजन उसे बचाने के लिए आए तो लोगों ने उनकी भी जमकर धुनाई लगास दी। इस बीच मारपीट की सूचना पर खेड़ा पुलिस चौकी भी मौके पर पहुंच गई और युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां युवक के परिजनों को भी काफी गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# तीन विभागों के सहयोग से दरांती, दुम्मर, दरकोट बनेंगे मुर्गी विलेज

**नैनीताल/मुनस्यारी**

हमारे संवाददाता

सीमांत तहसील के दरांती, दुम्मर तथा दरकोट गांव को मुर्गी विलेज बनाएं जाने के क्रम में आज पशुपालन विभाग की मदद से 60 लाभार्थियों को मुर्गी के चूजे, दाना, दवाई तथा जाली जिपंस जगत मर्तोलिया के माध्यम से वितरित किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों से मुर्गी पालन को व्यवसाय के रूप में तब्दील किए जाने की अपील की गई। उन्होंने अधिकारियों से एक गांव एक उत्पाद पर कार्य योजना बनाने के लिए भी कहा। ताकि स्वरोजगार को हम हर गांव में स्थापित कर सकें। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया द्वारा ग्राम पंचायत दरांती, दुम्मर तथा दरकोट को मुर्गी विलेज के रूप में पहचान बनाने के लिए योजना तैयार की गई है। इस क्रम में एसबीआई आरसीटी पिथौरागढ़ द्वारा इन



लाभार्थियों को पूर्व में प्रशिक्षित किया गया है। पशुपालन विभाग द्वारा आज इन लाभार्थियों को जिला योजना के अंतर्गत सामग्री निशुल्क वितरित की गई। खंड विकास अधिकारी कार्यालय को भी इस योजना से जोड़ा गया है।

मनरेगा के तहत इन लाभार्थियों के लिए मुर्गी बाड़ा का भी निर्माण कराया जाएगा। पशुपालन विभाग तथा विकासखंड कार्यालय के कार्मिक समय समन्वय स्थापित करते हुए मॉनिटरिंग का कार्य करेगा। ताकि एक-एक लाभार्थी की सक्सेस स्टोरी सामने आ सके। जिला योजना अंतर्गत पशु चिकित्सालय मुनस्यारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम दरकोट, दुम्मर एवं दराती के 60 लाभार्थियों को बैकयार्ड कुक्कुट इकाई का वितरण किया गया। पशुचिकित्सा के मुनस्यारी के फार्मासिस्ट निरंजन वर्मा, एमवीयू के प्रभारी डॉक्टर मनीष कुमार तथा मैत्री कार्यकर्ता बबलू रावत द्वारा उक्त वितरण में सहयोग किया गया। जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया ने लाभार्थियों को पशुपालन विभाग द्वारा दी गई उक्त सामग्री वितरित की गई। उन्होंने कहा कि एक गांव एक उत्पाद की विजन पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से इस विजन का महत्व समझते हुए ईमानदारी के साथ मुर्गी विलेज के सपने को साकार करने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने सहयोग के लिए जिलाधिकारी तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर दरकोट की ग्राम प्रधान सावित्री पांगती,सामाजिक कार्यकर्ता बबलू लोहानी ,भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी प्रेम सिंह बरफाल, एनआरएलएम के बी.एम.एम. खगेंद्र सिंह मेहरा आदि उपस्थित रहे।